JEEVAN JYOTI
GLOBAL SCHOOL

Address : Aligarh Road, Palwal, Haryana 121102
Mail : jjgspalwal@gmail.com
Phone : +91-7056700412

Recommendation to Parents

1- विद्यार्थी डायरी के प्रत्येक पृष्ठ को ध्यानपूर्वक पढ़ें। तथा अपने बच्चे की डायरी का प्रतिदिन निरीक्षण करें और उससे गृहकार्य या कक्षा कार्य के बारे में जानकारी अवश्य लें । डायरी पर अपने हस्ताक्षर भी प्रतिदिन अवश्य करें । पता या मोबाईल नंबर बदलने की सूचना विद्यालय को अवश्य दें ।

2- विद्यालय से मिलने वाला गृह कार्य बच्चा समय पर पूरा करे, कृपा इसका ध्यान रखें । तथा उस दिन की पाठय सामग्री के साथ समय पर स्कूल भेजे ।

3- अभिभावक अपने बच्चे को विद्यालय के समयानुसार भेजे । अपने बच्चों की विद्यालय में नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें । तीन दिन विलम्ब से आने पर आपके बच्चे को वापिस घर भेज दिया जाएगा । (अभिभावक इसकें लिए पूर्णत: जिम्मेवार होगा।) तथा अपने बच्चों को विद्यालय की साफ सुथरी वेशभूषा में विद्यालय भेंजे ।

4- बच्चे को पढ़ाई के अलावा खेलकूद व अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेने दें ।

5- छोटे मोटे कारणों से बच्चे को विद्यालय में अवकाश न दिलाएँ । अतिआवश्यक होने पर अवकाश पत्र अवश्य भेजे । आधा दिन या एक घंटे का अवकाश मान्य नहीं है, अत: इसके लिए विधालय प्रबंधन को बाध्य न करें !

6- प्रात:काल मे ही मध्याह्न का भोजन उपलब्ध कराये ! अध्ययन/ अध्यापन अवधि में मध्याह्न-भोजन न भेजे ! तथा अपने बच्चों के लिए पौष्टिक मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराये ताकि वे विधालय मे दीर्घ अवधि तक रह सके। तथा पानी की बोतल अवश्य भेजें।

7- विधालय मे प्रधानाचार्या एवं प्रबधक महोद्य से मिलने का समय प्रात: (09:30)**am** से(10:30)am तक एवं शाम कों 02:30 **pm** से 03:30 **pm** तक
निर्धारित हैं । इसके अलावा विधालय के कार्यकाल में विधालय प्रबधन / प्राधिकारी वर्ग को मुलाकात के लिए बाध्य न करें। केवल आपातकाल में ही विधालय प्रबन्धन से मिलना संभव हो सकता हैं। अध्यापक वर्ग एवं प्राधिकारी वर्ग से मुलाकात का समय निर्धारित हैं अत: निर्धारित समय का ध्यान रखें। अध्यापक /अध्यापिका व विधालय प्रशासन से विधालय संबंधी वार्तालाप विधालय मे ही आकर करें। बाहर न करें।

8- प्रत्येक पी. टी. एम. (अभिभावक अध्यापक सभा) मे उपस्थित होना अनिवार्य हैं। (पी. टी. एम.) मे उपस्थित न होने पर कक्षा अध्यापक को फोन करके
अपने बच्चे की प्रगति सूचना अवश्य ले। तथा अध्यापक वर्ग एवं प्राधिकारी वर्ग से अपने ब्च्चे की प्रगति सूचना की जानकारी के लिए फोन पर या पी. टी. एम. में सम्पर्क ।

9- कृपया शुल्क समय पर अवश्य भुगतान करें । किसी भी तरह की समस्या होने पर विद्यालय आकर मिले व समस्या लिखित में प्रधानाचार्या को दें ।

10- विद्यार्थी कोई भी कीमती वस्तु तथा आवश्यकता से अधिक पैसे विद्यालय में न लेकर आए ।

JEEVAN JYOTI
GLOBAL SCHOOL

Address : Aligarh Road, Palwal, Haryana 121102
Mail : jjgspalwal@gmail.com
Phone : +91-7056700412

11-केवल कक्षा V तक के छात्रों को शिक्षक की सख्त निगरानी में अपने सहपाठियों को उनके जन्मदिन पर केवल टॉफ़ी वितरित करने की अनुमति है। कोई अन्य उपहार वितरित नहीं किया जाना है। कक्षा V तक के छात्र अपने जन्मदिन पर पार्टी ड्रेस में स्कूल आ सकते हैं।

12-छात्रों को उनके द्वारा स्कूल की संपत्ति को हुए किसी भी नुकसान की भरपाई करनी होगी। स्कूल लापरवाही और अनुशासनहीनता के कारण छात्रों द्वारा किए गए नुकसान को सहन नहीं करेगा।

13-कृपया ध्यान दें कि आपका बच्चा विद्यालय से जाने के बाद समय का सदुपयोग करें तथा उसकी संगति अच्छी हो ।

14-विद्यार्थी को स्वस्थ अवस्था में विद्यालय आना चाहिए । किसी भी संक्रामक रोग से पीड़ित होने की स्थिति में पूर्ण रूप से ठीक होने पर ही उसे विद्यालय भेजें ।

15-अभिभावकों से भी अनुरोध है कि वे संबंधित बस / वैन चालक का समय और मोबाईल नंबर अपने पास रखे । छोटे बच्चों के माता – पिता बच्चे का सुबह बस / वैन में चढ़ने में उनकी मदद करें और शाम को सड़क के बाईं और प्रतीक्षा करके उन्हें प्राप्त करें ।

16-जानबूझकर बच्चे के सामने अध्यापक या विद्यालय की आलोचना / समालोचना न करें । क्योंकि इससे बच्चे के मन में संबंधित अध्यापक के प्रति सम्मान में कमी आती है । परिणाम स्वरूप बच्चों का उन अध्यापकों की शिक्षण प्रक्रिया में अरूचि दिखाना स्वाभाविक हो सकता है ।यदि अभिभावकों की कोई सही / विशुद्धि शिकायत है तो वे विद्यालय की प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र क़े माध्यम से सूचित कर सकतें हैं ।

17-अभिभावकों को सदैव यह ध्यान रखना चाहियें कि विद्यालय, अध्यापक एवम् अभिभावक की शिक्षण प्रक्रिया में निरंतर सहभागिता आवश्यक है अतः अभिभावक वर्ग से विनम्र एवम् भाँतिपूर्ण व्यवहार की अपेक्षा की जाती है जिससे कि बच्चों की प्रगती प्रक्रिया को सौहार्दपूर्ण बनाया जा सके ।

18-विद्यालय की सुरक्षा नियमावली के अंतर्गत विद्यालय अभिभावक कार्ड प्रणाली लागू करने जा रहा है जिसके अंतर्गत आपका विद्यालय में जब भी आगमन हो आपको कार्ड दिखाना है । उसी के आधार पर आपको अपने बच्चे से मिलने की अनुमति दी जाएगी ।

19-विद्यालय प्रबंधन अभिभावको के सामाजिक एवम् जागरूकता विकास के लिए कार्यशाला का आयोजन समय समय पर करने जा रहा है । प्रत्येक अभिभावक को अपने बच्चे के हित को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कार्यशाला में उपस्थित होना अनिवार्य है ।

Student's Name:.___________ **Parent's Name:.**________________

Class: _______________ **Signature:.** _________________